तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज डॉ. राजूराम काला बनाम लो.सू.अ.(अपर कलक्टर प्रथम जोधपुर) सू.अ.अ. अपील संख्या 08 / 2021	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
01.03.21	अपीलार्थी डॉ0 राजूराम काला, पता राजकीय आयुर्वेद औषधालय भवाद, ब्लॉक बावड़ी जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 28.11.2020 में उसके द्वारा (1) श्रीमान् मुख्य सचिव महोदय राजस्थान शासन सचिवालय जयपुर को दिनांक 20.10.2020 को रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रार्थी डॉ0 राजूराम काला को कोविड–19 डयूटी का टी ए एवं डी ए भुगतान के लिए 03 पेज का प्रार्थना पत्र एवं 09 संलग्नक भेजे गए थे। इस प्रार्थना पत्र की एक प्रति जिला कलक्टर जोधपुर को भी रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजी गई थी, उस प्रार्थना पत्र पर जिला कलक्टर जोधपुर द्वारा की गई कार्यवाही की समस्त पत्रावली की सत्यापित प्रतिं, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (जिला कलक्टर कार्यालय जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (अपर कलक्टर प्रथम जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (अपर कलक्टर प्रथम जोधपुर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (अपर कलक्टर प्रथम जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि संबंधित सूचना अपीलार्थी को 15 दिवस में उपलब्ध करावे, अन्यथा सूचना नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	